NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-147, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 03 दिसम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

### सख्ती के बाद बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों पर कसा शिकंजा

## यूपी में बनेंगे डिटेंशन सेंटर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में 17 नगर निकायों को निर्देश दे दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि नगर निकायों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की सूची बनाएं और कमिश्नर व आईजी को सौपें।

कमिश्नर व आईजी को प्रथम चरण में डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्देश दिया गया है। ये डिटेंशन सेंटर प्रदेश के हर मंडल में बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अधिकारी एक्शन में आ गए हैं। उत्तर प्रदेश में से विदेशी घुसपैठियों को बाहर करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर जिलों में डिटेंशन सेंटर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद कई कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उनको वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए



जगह तलाशी जा रही हैं। शासन के निर्देश पर जिलों में खाली सरकारी इमारतों, सामुदायिक केंद्र, पुलिस लाइन, थाने आदि चिन्हित किए जा रहे हैं, जहां घुसपैठियों को कड़ी सुरक्षा में रखा जा सके।

डिटेंशन सेंटरों पर खाने-पीने और इलाज की भी सुविधा

दिल्ली में करीब 18 डिटेंशन सेंटर चल रहे हैं, जिनमें तकरीबन 1500 विदेशी नागरिकों को कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त में रखा गया है। इनमें अवैध रूप से सीमा पार करके आए बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अफ्रीकी मूल के देशों के नागरिक हैं। बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों द्वारा भारतीय नागरिकता के दस्तावेज बनवा लेने की वजह से उनका सत्यापन कराया जा रहा है। डिटेंशन सेंटरों पर खाने-पीने, इलाज की सुविधा भी मुहैया कराई जाती है। सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम भी रहता है। तत्पश्चात एफआरआरओ (फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस) के जरिए उनको वापस भेजने की प्रक्रिया की जाती है। तमाम राज्यों में पकड़े गए घुसपैठियों को पश्चिम बंगाल और असम में बीएसएफ की मदद से वापस भेजा जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी मानक संचालन प्रक्रिया भी सभी राज्यों को भेजी है, जिसके बाद अब यूपी में भी अन्य राज्यों की तरह डिटेंशन सेंटर बनाए जाएंगे। इनके प्रबंधन और सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला प्रशासन और पुलिस की होगी। इसके अलावा पकड़े गए घुसपैठियों की जानकारी गृह विभाग को रोजाना देनी होगी।



## भावनगर में कॉम्प्लेक्स के अंदर लगी भीषण आग, 19 का रेस्क्यू

**बिल्डिंग में 4 अस्पताल, फर्स्ट फ्लोर की खिड़की से बच्चों को चादर में लपेटकर निकाला**

गुजरात के भावनगर में बुधवार सुबह एक कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। बेसमेंट में शुरू हुई आग देखते ही देखते पूरी बिल्डिंग में फैल गई। इसमें 4 अस्पताल और कई दुकानें हैं। आग के फैलते ही फर्स्ट फ्लोर के अस्पताल की खिड़की तोड़कर नवजातों को चादर में लपेटकर बाहर निकाला। वहीं दूसरे अस्पताल से भी मरीजों का रेस्क्यू किया गया। प्रशासन के मुताबिक, घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। इमारत से धुआं फैलने के कारण मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में बीजेपी को 2 सीटों का नुकसान, 7 पर जीती

### कांग्रेस का खाता खुला, आप की 3 सीटें बरकरार



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव में सभी 12 सीटों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने कुल सात सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आम आदमी पार्टी तीन सीटों पर जीती है। एक सीट पर आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक शोएब इकबाल वाली पार्टी ने कब्जा जमाया है। वहीं, कांग्रेस ने भी एक सीट पर भाजपा को हराया है।

आम आदमी पार्टी अपनी लाज बचाने में कामयाब रही, वह पहले की तरह तीन सीट जीत पाई। हालांकि उसकी सीटों में परिवर्तन हुआ है, जबकि कांग्रेस ने खाता खोलकर सबको चौंका दिया। मटिया महल के कद्दावर नेता शोएब इकबाल ने आम आदमी पार्टी से बगावत करके अपने उम्मीदवार को जिताने में कामयाबी हासिल की। एमसीडी उपचुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है। भाजपा 12 में से केवल सात सीट ही जीत पाई, जबकि पहले पार्टी के पास पहले नौ सीट थीं। आम आदमी पार्टी को न नुकसान हुआ है न ही फायदा हुआ है।

आप के पास पहले तीन सीटें थीं, उपचुनाव में भी तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, कांग्रेस ने उपचुनाव में खाता खोलकर सबको चौंका दिया है। आम आदमी पार्टी ने नारायण सीट भाजपा से छीनी है, यहां से वर्तमान विधायक उमंग बजाज 2022 में पार्षद बने थे। आप की राजन अरोड़ा ने भाजपा के उम्मीदवार चंद्रकांता को हराया है। इन दोनों के जो बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। राजन मात्र 148 वोट से जीतीं। मुंडका सीट से आम आदमी पार्टी के अनिल ने जीत दर्ज की है, उन्होंने भाजपा के जयपाल को हराया है। दोनों के बीच 1577 वोट का अंतर रहा।



# उत्तर भारत में बढ़ेगी ठंड, दक्षिण में भारी बारिश

## पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कई स्थानों पर तापमान 6 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के दो हिस्सों में मौसम के दो विपरीत हालात देखने को मिल रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के चलते उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप बढ़ रहा है। दक्षिण भारत में बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात दित्वाह के अवशेष के कारण भारी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा अपडेट के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है, जिसके प्रभाव से उत्तर भारत की पहाड़ियों और मैदानों में ठंड और तेज हो गई है।



हरियाणा और उसके पड़ोसी इलाकों में चक्रवाती प्रसार भी मौसम को और कठोर बना रहा है। अधिकांश राज्यों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस से 3.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। हरियाणा के हिसार में पारा 3.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो वर्तमान में देश के मैदानी इलाकों का सबसे ठंडा स्थान रहा। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ, जिससे रात और सुबह की ठिठुरन और तेज हो गई है।

उत्तराखंड में देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश और हल्द्वानी में सुबह का तापमान 8 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मसूरी, नैनीताल, पौड़ी, टिहरी और चमोली में न्यूनतम तापमान 2 से 6 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। दिन में हल्की धूप निकलने से कुछ राहत है, लेकिन रातें और सुबह बेहद ठंडी बनी रहेंगी।

हिमाचल प्रदेश में चोटियों पर ताजा बर्फबारी के बाद राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार रात को ताबो का न्यूनतम तापमान इस सीजन में पहली बार माइनस 8.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। शिमला में भी सीजन में पहली बार न्यूनतम पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरे प्रदेश में रात का पारा आठ डिग्री से कम चल रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार और पांच दिसंबर को हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। पांच दिसंबर को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ मौसम में बदलाव ला सकता है।

उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 4 दिन न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट संभव है। मध्य भारत में अगले 48 घंटे तापमान स्थिर, उसके बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज हो सकती है। पूर्वी भारत में अगले 24 घंटे स्थिति सामान्य, फिर 4 दिन में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है। तीन दिसंबर को मणिपुर तथा मेघालय, जबकि तीन से चार दिसंबर को हिमाचल प्रदेश और ओडिशा में घने कोहरे की संभावना है। इससे सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हो सकता है। यात्रा को टालने या सावधानी के साथ करने की सलाह दी गई है। कश्मीर घाटी में तापमान सभी स्टेशनों पर शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले की कोनिबल घाटी में तापमान माइनस 5.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। सर्दी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

**समुद्र में न जाने की सलाह**

बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात दित्वाह गहरे दबाव के रूप में बदल गया है। एक दिसंबर की रात 11:30 बजे यह चेन्नई के ठीक पूर्व में लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित था। अगले 24 से 28 घंटे में इसके सामान्य दबाव में बदलने की संभावना है। इसके असर से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भारी वर्षा की संभावना है। तटीय आंध्र प्रदेश में तूफानी हवाएं 50 से 60 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 70 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। मछुआरों और तटीय क्षेत्रों के निवासियों को समुद्र में न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### मौलाना मदनी बोले

# स्कूलों में पढ़ाया जाए जिहाद कांग्रेस पर भी किया कटाक्ष



**नई दिल्ली।** मौलाना महमूद मदनी ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की तरफ से एक बार फिर जिहाद, देश की सियासत, स्कूलों के पाठ्यक्रम जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बात की। मदनी ने कांग्रेस के जनाधार पर सवाल खड़े करने के अलावा देशभर के स्कूलों के पाठ्यक्रम में जिहाद को पढ़ाने पर भी जोर दिया। मदनी ने कहा कि जो लोग जिहाद का विरोध कर रहे हैं वे गद्दार हैं और आतंकवाद फैलाने का काम कर रहे हैं।

इससे पहले एक अन्य साक्षात्कार में भी मदनी ने जिहाद लफ्ज के दुरुपयोग को लेकर चिंता का इजहार किया था। मदनी ने कहा था कि गालियां देने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा था, 'अगर अन्याय हो रहा है, तो उसके खिलाफ आवाज उठाना भी जिहाद है। वंदे मातरम को लेकर अपनी टिप्पणियों के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी जबरदस्ती करवाई जा रही है। जगह-जगह कहा जा रहा है कि इसे बोलें ही बोलें। ...ये तो आइडिया ऑफ इंडिया नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिहाद शब्द को इस्लाम से जोड़कर बहुत ही योजनाबद्ध तरीके से गालियां दी जाती थी। यह सिलसिला लंबे समय तक जारी रहा। बकौल मदनी, 'अब सरकारी स्तर पर मुसलमानों को गाली दी जा रही है। यह मान लिया गया है कि सभी मुसलमान 'जिहादी' और 'फसादी' हैं। ऐसे में यह मेरी जिम्मेदारी बन गई है कि मैं जिहाद के असली अर्थ समझाऊं।'

मदनी ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से जुड़ी एक घटना का जिक्र करते हुए कहा, उस समय 90% मौन बहुमत था; अब यह घटकर 60 फीसदी हो गया है। जमीयत प्रमुख ने सुप्रीम कोर्ट से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, 'आप मुझ पर यह कहने का आरोप लगा रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट गलत है... मैं केवल कोई व्यक्ति नहीं हूं; मैं एक ऐसे संगठन से जुड़ा हूं जो एक खास समुदाय से जुड़ा है। अगर मैं अपने समुदाय की भावनाओं को देश को नहीं बताऊंगा, तो ऐसा करना नाइंसाफी होगी।

# भारत-रूस एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे

## रक्षा समझौते को रूसी संसद की मंजूरी, पुतिन के भारत दौरे से पहले ऐलान

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4-5 दिसंबर को भारत का दौरा करने वाले हैं। पुतिन का भारत दौरा दोनों देशों के संबंधों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। पुतिन के दौरे से पहले रूसी संसद के निचले सदन ड्यूमा ने भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते को मंजूरी दी है। रूसी संसद से मंजूरी तब मिली है जब इसी साल फरवरी में दोनों सरकारों के बीच सैन्य उपकरणों के पारस्परिक आदान-प्रदान को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। पिछले सप्ताह रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने सैन्य समझौते को अनुमोदन के लिए ड्यूमा को भेजा था। रूसी संसद के निचले सदन ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने सदन के पूर्ण अधिवेशन में कहा, भारत के साथ हमारे संबंध रणनीतिक और व्यापक हैं और हम इस संबंध को महत्व देते हैं। हम समझते हैं कि समझौते को मंजूरी निश्चित रूप से दोनों देशों के संबंधों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि, भारत और रूस के बीच हुआ यह समझौता कई मायनों में बेहद अहम है। समझौता के तहत यह तय किया गया है कि भारत और रूस की सैन्य टुकड़ियों के बीच समन्वय कैसा होगा। सैन्य विमान और युद्धपोत कैसे भेजे जाएंगे साथ ही दोनों देशों के बीच सैन्य साजो सामान की पहुंच किस तरह की जाएगी। यह समझौता सिर्फ सैनिकों और सैन्य उपकरणों की तैनाती तक सीमित नहीं है बल्कि साजो सामान संबंधी व्यवस्थाओं को भी तय करता है।



# बरेली में आठ साल के बच्चे का कत्ल कर निकाली आंख

**बरेली।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सुबह नकटिया नदी पुल के नीचे लाल रंग के बक्से में आठ साल के बच्चे का शव मिला, जिसकी बांयी आंख निकाली गई थी। बक्से में पॉपकार्न और नमकीन के भरे हुए पाउच थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर इज्जतनगर थाना पुलिस, फॉरेंसिक टीम व एसपी सिटी पहुंच गए। बच्चे की कहीं और हत्या कर शव फेंकने की बात सामने आ रही है। पहचान के लिए शव रखा गया है, बाद में ही पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।



इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह के अनुसार विलयधाम के पास हाईवे से जा रहे लोगों ने सुबह के वक्त नदी किनारे बक्सा रखा देखा तो कौतूहलवश कुछ लोग पुल के किनारे से नीचे उतर आए। लोगों ने बक्सा देखा तो करीब आठ साल के बच्चे का शव देखकर वह हैरान रह गए।

सूचना दी तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों को जानकारी हुई तो एसपी सिटी मानुष पारीक भी यहां आ गए। फॉरेंसिक टीम ने शव मिलने की जगह से साक्ष्य जुटाए। हालांकि यहां से कोई खास सफलता नहीं मिल सकी। स्थानीय ग्रामीणों को भी पुलिस ने बुला लिया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी।

बरेली के इज्जतनगर इलाके में नदी किनारे बक्से में मिले बच्चे के शव के मामले में पुलिस इसे तंत्र मंत्र के चक्कर में हत्या से जोड़कर देख रही है बेहद सफाई से बांयी आंख निकालने और बच्चे का शव रखने का तरीका इसकी हकीकत कर रहा है कि हत्या के पीछे कोई मनोविकृत शख्स हो सकता है। एसपी सिटी के साथ पहुंची पुलिस ने देखा तो पाया कि बक्से में करीब आठ साल के बच्चे का शव रखा था। बक्से में बच्चे को कंबल में लपेटकर रखा गया और सिर के नीचे छोटा तकिया भी लगा था। बक्से में बच्चों के खाने वाले विभिन्न ब्रांड के चिप्स, सोया व नमकीन के पैकेट भी भरे थे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


# बेटे ने फावड़े से मां को काट डाला

## घर में विवाद के बाद किया हमला, आरोपी की तलाश में पुलिस





एनएनआई

**फिरोजाबाद।** नारखी थाना क्षेत्र स्थित सिकंदरपुर कोटला गांव में मंगलवार देर शाम एक भयावह घटना सामने आई। यहां एक बेटे ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी मां की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। घटना में मिथलेश देवी पत्नी ललित सिंह की मौत हो गई।

मिथलेश देवी के चार बच्चे हैं। इनमें बेटियां सपना, मुस्कान, खुशी और दो बेटे हर्ष व यश शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह आरोपी हर्ष का अपनी मां से किसी पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपी हर्ष ने अचानक फावड़े से मिथलेश देवी पर हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और कुछ ही देर में उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नारखी थाना पुलिस, क्षेत्राधिकारी (सीओ) और फॉरेंसिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। हत्या के बाद आरोपी बेटा हर्ष गांव से फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद और सीओ अमरीश कुमार ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी ने फावड़े से हमला कर मां की हत्या की है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई तेजी से की जा रही है। गांव में इस सनसनीखेज हत्या को लेकर दहशत और शोक का माहौल है।

# अफसरों ने अतिक्रमणकारियों को दी चेतावनी




एनएनआई

**मथुरा।** काफी समय बाद अब प्रशासन जाम से मुक्ति के लिए कवायद कर रहा है। सोमवार रात सभी विभागों की बैठक के बाद मंगलवार से अधिकारी सड़कों पर उतर आए। सबसे पहले मंडी चौराहा और गोवर्धन चौराहा का निरीक्षण किया। यहां बड़ी संख्या में चौराहा के चारों ओर अतिक्रमण किया गया है। कुछ पक्के निर्माण हैं, तो कुछ अस्थायी निर्माण किया गया है। सभी अतिक्रमण को हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। तीन दिन के बाद कार्रवाई शुरू हो गई। बुधवार को एनएचएआइ के वरिष्ठ अधिकारी भी भ्रमण करेंगे।

शहर में जाम की समस्या विकराल होती जा रही है। मुख्य मार्ग से लेकर लिंक रोड पर भी कई-कई घंटे गाड़ियां जाम में फंसी रहती हैं। जाम के कारण लोग परेशान हो गए हैं। जाम से निजात के लिए डीएम सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने कई विभागों के साथ सोमवार रात बैठक की। एक जनवरी से हर हाल में जाम से मुक्ति के उपाय करने को कहा। इसके लिए सबसे व्यस्त मंडी चौराहा और गोवर्धन चौराहा मार्ग चौड़ा होगा। यहां से अतिक्रमण हटेगा, ट्रांसफारमर और बिजली के खंभे भी सड़क में बाधा नहीं बनेंगे।

मंगलवार दोपहर नगर आयुक्त जगप्रवेश, एमवीडीए के उपाध्यक्ष एसबी सिंह के साथ ही एनएचएआइ के अधिकारी, बिजली विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। दोनों चौराहों की नापजोख की गई। देखा गया कि बड़े स्तर पर यहां पर अतिक्रमण कर लिया गया है। लोगों ने अपनी दुकानों के आगे भी पक्का निर्माण करा लिया है। यही नहीं, रोडवेज व निजी बसों के साथ ही ई-रिक्शा और आटो भी आधी सड़क के घेरकर खड़े होते हैं। इसके साथ ही ठेल-ढकेल की संख्या अधिक है। इससे सड़क पूरी अतिक्रमण की चपेट में है और निकलते समय वाहन फंस जाते हैं। नगर निगम ने यहां पर एनाउंसमेंट किया और अतिक्रमण करने वालों को तीन दिन में स्वत उसे हटाने की अपील की। कहा कि यदि वह नहीं हटाएंगे तो फिर अतिक्रमण नगर निगम हटाएगा और उसका पूरा खर्चा अतिक्रमण करने वाले से वसूला जाएगा।

बुधवार को एनएचएआइ के परियोजना निदेशक भी आएंगे, वह भी हाईवे की सर्विस लेन का निरीक्षण करेंगे। डीएम और एसएसपी के साथ उनकी बैठक भी होगी। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि निरीक्षण कर स्थिति देखी गई है, जो भी अतिक्रमण हैं, उन्हें हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ दो लुटेरे गिरफ्तार, एक फरार



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने मंगलवार रात पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया। पैर में गोली लगने से घायल हुए दोनों अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल और लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया।

एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई 12 अक्टूबर 2025 को बिल्टीगढ़ चौराहे पर हुई मोबाइल लूट के मामले में की गई है। उस दिन मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे, जिसके संबंध में थाना मक्खनपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई थीं।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि मोबाइल लूट के वांछित आरोपी शिकोहाबाद-मक्खनपुर मार्ग पर किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। इस पर पुलिस टीम ने पायनियर पुल के ऊपर सघन चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए।

पुलिस को देखते ही उन्होंने बाइक मोड़कर सर्विस रोड की तरफ भागने की कोशिश की, जिससे उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाश घायल हो गए। हालांकि, एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अल्ताफ पुत्र कासिम और हसनेन पुत्र सफी मोहम्मद के रूप में हुई है। दोनों हबीबगंज, मोहल्ला मक्का कॉलोनी, थाना रामगढ़ के निवासी हैं। फरार आरोपी साहिल पुत्र जाकिर है, जो आकाशवाणी, थाना रामगढ़ का निवासी है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अभियुक्त अल्ताफ का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। अभियुक्त हसनेन के खिलाफ भी बीएनएस के तहत मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष चमन कुमार शर्मा, एसओजी/सर्विलांस टीम के उपनिरीक्षक भूपाल सिंह, उपनिरीक्षक यश कुमार, उपनिरीक्षक विनय कुमार, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार, प्रेम सिंह, आदित्य शामिल रहे।

# हाथरस में दंपती ने खाया जहर, पत्नी की मौत





एनएनआई

**हाथरस।** देर शाम घरेलू विवाद के बाद एक दंपती ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। युवक को गंभीर स्थिति में अलीगढ़ रेफर किया गया है।

यह घटना इगलास रोड स्थित माधव विहार कॉलोनी में हुई। 25 वर्षीय गोपाल यादव, जो पीतल ढलाई का काम करते हैं। उन्होंने अपनी 22 वर्षीय पत्नी रिया के साथ जहर का सेवन किया। उनकी शादी वर्ष 2021 में हुई थी। शाम को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। दंपती को तड़पता देख कुछ लोग उन्हें जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने रिया को मृत घोषित कर दिया, जबकि गोपाल को नाजुक हालत में अलीगढ़ रेफर किया गया। दंपती की दो साल की एक बच्ची भी है। परिवार के सदस्य फिलहाल विवाद को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं बता रहे हैं। घटना के बाद पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

# हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश

## अश्लील वीडियो बनाकर किया जाता था ब्लैकमेल , महिला और उसका साथी अरेस्ट

एनएनआई

**आगरा।** एक महिला के द्वारा लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाकर उनकी वीडियो बना ली जाती थी। इसके बाद महिला और उसका गिरोह उन लोगों को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर मोटा पैसा लेता था। जो लोग पैसा नहीं देते थे महिला पीड़िता बनकर उनकी शिकायत कर देती थी। एक व्यापारी से पैसा नहीं मिलने पर महिला ने खुद को पीड़िता बताकर डीसीपी सिटी कार्यालय में शिकायत की थी। महिला ने दावा किया था कि एक युवक ने उसके अश्लील वीडियो बनाकर लाखों रुपये की मांग की है, लेकिन जांच में यह पूरी कहानी उलट गई।

डीसीपी सिटी अली अब्बास ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले एक महिला रोते-बिलखते हुए उनके पास पहुंची थी। उसने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल शुरू कर दिया है। शिकायत में महिला ने कहा कि यदि उसने लाखों रुपये नहीं दिए तो उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा। शिकायत की गंभीरता देखते हुए डीसीपी सिटी ने तत्काल मामले की जांच के निर्देश दिए। मामला संवेदनशील होने के कारण कई टीमें गठित की गईं और जांच तेज की गई। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे सुराग मिले, जिसने पूरा मामला पलट दिया। महिला के मोबाइल की जांच में कई युवकों के अश्लील वीडियो और संदिग्ध चैट्स बरामद हुए। तकनीकी जांच और कॉल डिटेल रिकार्ड ने स्पष्ट कर दिया कि शिकायतकर्ता महिला ही एक सक्रिय हनीट्रैप गैंग का संचालन कर रही है। महिला के साथ गणेश, रियाज, प्रविंद्र और प्रवेश इस गिरोह में शामिल थे। रियाज आगरा में पुलिस विभाग में लंबे समय तक तैनात रहा है। एसओजी में भी उसकी तैनाती रही है। कुछ समय पहले ही वह कानपुर तबादला होकर गया था। गैंग का सदस्य रियाज खुद को कानपुर पुलिस का अधिकारी बताता था। वह पीड़ितों को फोन कर धमकी देता था कि यदि उन्होंने समझौता नहीं किया तो उन पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर दिया जाएगा।



### चार लाख से अधिक की उगाही, कई वीडियो बरामद

गिरफ्तार महिला और उसके साथी गणेश से पूछताछ में खुलासा हुआ कि अब तक गैंग तीन लोगों से करीब ?4.12 लाख वसूल चुका था। महिला के फोन से तीन अन्य युवकों के भी आपत्तिजनक वीडियो मिले, जिन्हें गिरोह जल्द ही निशाना बनाने वाला था। पुलिस ने महिला और उसके साथी गणेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीन फरार आरोपी रियाज, प्रविंद्र और प्रवेश की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

# जेल से रिहाई के बाद अपने देश वापस भेजे बांग्लादेशी



एनएनआई

**आगरा।** जिला जेल से करीब चार वर्ष की सजा काटने के बाद जिला जेल से मंगलवार को रिहा दो बांग्लादेशी नागरिकों को सुरक्षा एजेंसियों ने डिपोर्ट करने के लिए अपनी अभिरक्षा में ले लिया।

दोनों को बांग्लादेश डिपोर्ट करने के लिए कोलकाता पश्चिम बंगाल रवाना कर दिया। दोनों अवैध तरीके से घुसपैठ करके भारत की सीमा में आए थे। विदेशी मुद्रा बेचकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे। एटीएस की आगरा यूनिट ने चार जनवरी 2022 को बांग्लादेशी नागरिकों मामून शेख उर्फ मोहम्मद अली और सुनील को गिरफ्तार किया था। उनसे सऊदी अरब की मुद्रा 50 रियाल और 62 नकली नोट बरामद किए थे। उनके विरुद्ध सदर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।दोनों बांग्लादेश के जिला मदारीपुर स्थित राजाऔर के रहने वाले हैं। आरोपितों ने पूछताछ में बताया था कि एक एजेंट द्वारा सात हजार रुपये लेकर घुसपैठ कराई गई थी। जिसके बाद तीन दिन पश्चिम बंगाल के हावड़ा रेलवे स्टेशन पर रहे थे।वहां पर मामून ने एक हजार रुपये में फर्जी आधार कार्ड बनवाया था।वहां रहने के बाद वह पांच वर्ष पहले आगरा आए थे। रुनकता क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने लगे थे। मंगलवार को दोनों तीन वर्ष 11 महीने की सजा काटकर रिहा हुए। जेल में रहने वाले बांग्लादेशियों और म्यांमार के लोगों पर सुरक्षा एजेंसियों की पहले से नजर थी। मंगलवार को दोनों के जिला जेल से रिहा होने की जानकारी मिलने पर एलआइयू की टीम वहां पहुंचे। दोनों को अपने साथ लेकर आयी। यहां से एस्कार्ट के माध्यम से पश्चिम बंगाल भेज दिया।एसीपी एलआइयू दिनेश सिंह ने बताया कि दोनों को सीमा सुरक्षा बल के सिपुर्द किया जाएगा। वह उनके डिपोर्ट करने की कार्यवाही करेगी।

## रामबाग चौराहे पर शॉर्ट सर्किट से बिजली मीटर में भीषण आग

**आगरा एनएनआई।** रामबाग चौराहे पर बुधवार सुबह शॉर्ट-सर्किट से बिजली मीटर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें ऊंची उठने लगीं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर जमा हो गए। आग लगने का वीडियो लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। स्थानीय लोग बाल्टियों में मिट्टी डालकर आग बुझाने में जुट गए। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के समय मीटर के पास खड़ी गाड़ियों को तुरंत हटाया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बिजली मीटर और तार जलकर खाक हो गए।

# मां-बेटी पर जानलेवा हमला

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में मंगलवार सुबह पारिवारिक विवाद के दौरान मांझबेटी पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मामूली कहासुनी के बाद ताऊ, दादा और चचेरे भाइयों ने घर में घुसकर महिला और उसकी बेटी को बुरी तरह पीटा, सीढ़ियों से धक्का दिया और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। नगला किशनलाल टेढ़ी बगिया निवासी रश्मि चौधरी ने बताया कि वह अपनी मां रेखा देवी और छोटी बहन तनु के साथ घर में सो रही थी। सुबह करीब 10 बजे ताऊ अनिल कुमार और दादा सियाराम कमरे में पहुंचे और मां को बाल पकड़कर सीढ़ियों से नीचे फेंक दिया। आरोप है कि जब वह मां को बचाने पहुंची तो दादी, ताई और चचेरा भाई अंकित सरिया लेकर आ गए और हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान दादा सियाराम ने विनीत को तमंचा देकर जान से मारने की धमकी दी।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।




## बदमाश की रिहाई पर पहुंचा समर्थकों का हुजूम, जाम

**आगरा एनएनआई।** थाना न्यू आगरा क्षेत्र के दयालबाग चौकी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बदमाश के रिहाई जुलूस से जाम लग गया। कारों की छत पर बैठ युवकों के हुड़दंग मचाने से राहगीर दहशत में आ गए। जानकारी होने पर दयालबाग चौकी प्रभारी टीम के साथ पहुंचे। 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन कार और बाइक सीज की हैं। मुख्य आरोपी भागने में सफल हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है। जान से मारने की कोशिश और अवैध शस्त्र रखने के आरोपी ट्रांस यमुना निवासी राज चौहान के एक साल बाद जेल से छूटने पर उसके भाई हर्ष चौहान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर 200 से अधिक समर्थकों को जिला जेल के गेट पर बुला लिया। दोपहर के समय रिहाई होने पर समर्थकों ने उसे कार की छत पर बिठाकर जुलूस निकाल दिया। करीब 200 लोगों के इस जुलूस ने खंदारी बाईपास पर यातायात व्यवस्था को बाधित कर दिया।



## पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने किया थाना एकता का उद्घाटन

**आगरा एनएनआई।** पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने अपर पुलिस आयुक्त के साथ मिलकर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एवं भव्य रूप से नव निर्मित थाना एकता का फीता काटकर उद्घाटन किया। पूर्व में ताजगंज थाना के अंतर्गत आने वाली एकता चौकी को अब थाना घोषित कर दिया गया है। थाना ताजगंज का एक बड़ा हिस्सा थाना एकता के क्षेत्राधिकार में शामिल किया गया है। यहाँ के पहले थाना प्रभारी हंसराज भदौरिया को बनाया गया है। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने सम्भ्रांत नागरिकों से संवाद किया और ग्राम प्रहरियों को किट वितरित की। महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए यहाँ मिशन शक्ति सेल की भी स्थापना की गई है।

## मंत्री के नकली लैटर पैड पर एडमिशन के लिए किया एप्लाई

**आगरा एनएनआई।** मिशनरी स्कूलों और अन्य सरकारी विभागों में सिफारिश करने का मामला सामने आया है। मंत्री के यहां से जब जरूरतमंद बच्चे की मदद के लिए स्कूल को सिफारिशी लेटर गया, तब इसका खुलासा हुआ। मंत्री के प्रतिनिधि की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।यूपी सरकार में बाल विकास, पुष्टाहार एवं महिला कल्याण मंत्री बेबीरानी मौर्य के कैंप कार्यालय के प्रतिनिधि सुनील गोली मंगलवार को डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास से मिले और लिखित शिकायत दी। उनका कहना था-हाल ही में हरीपर्वत क्षेत्र स्थित सेंट पैट्रिक्स स्कूल में एक बच्चे के एडमिशन के लिए मंत्री के लेटर पैड पर सिफारिश भेजी गई थी। इस पर स्कूल प्रबंधन ने दो सिफारिशी लेटर पहले से ही मिलने की बात बताई।लेटर पैड देखकर पता चला कि किसी ने मंत्री के लेटर की हूबहू कॉपी तैयार कर ली है। उसमें लेटर क्रमांक गलत था और लेटर पर कंप्यूटर से तारीख लिखी हुई थी। जबकि मंत्री के कैंप कार्यालय से जारी होने वाले लेटर पर हाथ से लिखकर तारीख डाली जाती है। छानबीन की तो पता चला कि कई और स्कूल तथा सरकारी विभागों में मंत्री के फर्जी लेटर पैड का प्रयोग किया गया है। कार्यालय कर्मचारियों ने स्वयं जांच की तो पता चला कि लेटर पैड नकली है। मंत्री के असली लेटर पैड की स्कैन कॉपी लेकर उसकी रंगीन प्रति निकाली गई थी और स्कैन हस्ताक्षर चिपकाकर सिफारिशी पत्र तैयार किया गया था। मामला गंभीर देख कर्मचारियों ने पहले पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार को अवगत कराया और बाद में शिकायत डीसीपी सिटी को सौंप दी।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 03 दिसम्बर, 2025


# अफसरों ने देखे ब्लैक स्पॉट्स

## यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए आगरा पुलिस की व्यापक कार्रवाई

एनएनआई



आगरा। जिले में सड़क हादसों से होने वाली मौतों को शून्य तक लाने के लक्ष्य के तहत पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर यातायात विभाग ने मंगलवार को बड़ा अभियान चलाया। जीरो फैटैलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफडी) के तहत पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार और अपर पुलिस उपायुक्त यातायात हिमांशु गौरव ने शहर के ब्लैक स्पॉट्स पर जमीनी निरीक्षण कर सुरक्षा खामियों की समीक्षा की और त्वरित सुधार के निर्देश दिए।जेडएफडी अभियान के अंतर्गत मंगलवार को यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए आगरा पुलिस ने व्यापक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार और अपर पुलिस उपायुक्त यातायात हिमांशु गौरव ने शहर के उन महत्वपूर्ण क्रिटिकल कॉरिडोर लोकेशन का निरीक्षण किया, जहाँ दुर्घटनाओं का खतरा अधिक रहता है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क संरचना, संकेतों की स्थिति, स्ट्रीट लाइटिंग, बैरियर, स्पीड-कंट्रोल उपायों और मौजूदा यातायात प्रबंधन की बारीकी से समीक्षा की। टीम ने उन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया, जहां पहले से दुर्घटनाओं के मामले दर्ज हो चुके हैं या जहां सड़क डिजाइन के कारण जोखिम अधिक है। डीसीपी ट्रैफिक ने मौके पर मौजूद विभागीय टीमों व क्षेत्रीय पुलिस बल को निर्देशित किया कि आवश्यक सुधार कार्य शीघ्रता से पूरे कराए जाएं। सड़क संकेतों और रोशनी को दुरुस्त किया जाए। चौराहों पर यातायात नियंत्रण को बेहतर बनाया जाए। दुर्घटना-रोधी उपायों को तुरंत लागू किया जाए।

इस दौरान आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के महत्व को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। हेलमेट और सीटबेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग पर सख़्त कार्रवाई, गलत दिशा में वाहन चलाने पर जुर्माने और चालान की चेतावनी भी दोहराई गई।

डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने स्पष्ट कहा कि जेडएफडी अभियान तभी सफल हो सकेगा जब पुलिस-प्रशासन के साथ नागरिक भी पूर्ण सहयोग करते हुए नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि यातायात सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति के योगदान के बिना सड़क दुर्घटनाओं को रोकना संभव नहीं है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित



एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जनपद में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान(एसआईआर)-2026 के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) के वितरण, संकलन एवं डिजिटाइजेशन कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने संबंधित बीएलओ को कलेक्ट्रेट कक्ष में सम्मानित किया।

### एसआईआर का अपने क्षेत्रों में 100 प्रतिशत किया काम

जिलाधिकारी ने 86-एत्मादपुर विधानसभा के मतदेय स्थल संख्या 146, की बीएलओ आरती सिंह, सहायक अध्यापक, 87-आगरा कैन्ट विधानसभा के मतदाता स्थल संख्या 22, के बीएलओ रूप किशोर रावत वरिष्ठ सहायक, 88- आगरा दक्षिण विधानसभा के मतदाता स्थल संख्या 206, की बीएलओ प्रिया कुमारी, अंगनबाड़ी कार्यकत्री, 89-आगरा उत्तर विधानसभा के मतदाता स्थल संख्या 381, की बीएलओ गौरी शर्मा,सहायक अध्यापक, 90-आगरा ग्रामीण विधानसभा के मतदाता स्थल संख्या 262, कि बीएलओ अर्चना ठाकुर,सहायक अध्यापक,91-फतेहपुर सीकरी विधानसभा के भाग संख्या-175, की बीएलओ इन्दु,सहायक अध्यापक, 92-खैरागढ़ विधानसभा के भाग संख्या 198, के बीएलओ अनन कुमार अग्रवाल, सहायक अध्यापक, 93 फतेहाबाद विधानसभा के भाग संख्या 353 के बीएलओ राजकुमार, शिक्षा मित्र तथा 94-बाह विधानसभा के मतदेय स्थल संख्या-260,के बीएलओ श्री नृपति सिंह, नलकूप चालक को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में डाटा डिजिटाइजेशन का कार्य 100% पूर्ण करने पर सभी बीएलओ को प्रशस्ति पत्र, ब्रीफकेस, शाल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में सभी बूथ लेवल ऑफिसर मतदाताओं के गणना पत्र वितरण व संकलित किए और बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज भी कर दिए। यह उपलब्धि जिले में सर्वाधिक है और विशेष पुनरीक्षण अभियान में उनकी आदर्श कार्यशैली को दर्शाती है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्रों के वितरण, संकलन व डिजिटाइजेशन का कार्य शत प्रतिशत निर्धारित समय से पूर्ण कर निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में उत्साह, लगन, समयबद्धता एवं मतदाता सूची के शुद्धिकरण में उल्लेखनीय प्रयासों का परिचय दिया है, यह अत्यंत सराहनीय है, उन्होंने कहा कि इन बीएलओ की कार्यशैली सराहनीय रही है जो अन्य बीएलओ के लिए अनुकरणीय है। ऐसे सभी बीएलओ जो ससमय शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करेंगे सभी को सम्मानित किया जाएगा।

# शहर में अवारा कुत्तों के लिए बनेगा डॉग शेल्टर

एनएनआई

**आगरा।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए बड़ा कदम उठाया है। निगम बुढ़कटरा क्षेत्र में 2 हजार कुत्तों की क्षमता वाला आधुनिक डॉग शेल्टर बनाने जा रहा है। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नगर निगम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, निजी व सरकारी स्कूल, अंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर, केंद्रीय हिंदी संस्थान, एसएन मेडिकल कॉलेज, सरकारी अस्पताल, नगरीय क्षेत्र स्थित पीएचसी और सीएचसी जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन क्षेत्रों से पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी के बाद डॉग शेल्टर में स्थायी रूप से रखा जाएगा, ताकि संवेदनशील परिसरों में उनका पुनः प्रवेश न हो।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में सभी राज्यों और शहरी निकायों को आदेश दिया था कि आवारा कुत्तों पर की जाने वाली कार्रवाई कानूनी, मानवीय और वैज्ञानिक पद्धति के अनुरूप हो तथा एबीसी (एनीमल बर्थ कंट्रोल) नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए।इसी के तहत आगरा नगर निगम संवेदनशील स्थानों से पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी के उपरांत उनके मूल स्थान पर छोड़ने के बजाय



> सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप नगर निगम शहर में कुत्ता नियंत्रण व्यवस्था को वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से सुव्यवस्थित कर रहा है। बुन्दकटरा में बड़े डॉग शेल्टर का निर्माण इसकी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संवेदनशील स्थानों से पकड़े गए कुत्तों को वहीं वापस नहीं छोड़ा जाएगा। सभी विभागों को सहयोग के लिए निर्देशित किया गया है और अभियान को सख्ती से लागू किया जाएगा।
>
> **अंकित खंडेलवाल, नगर आयुक्त**

सुरक्षित डॉग शेल्टर में रखने की व्यवस्था कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के अनुसार, स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और स्कूलों जैसे क्षेत्रों को 'विशेष संवेदनशील जोन' माना गया है, जहां कुत्तों की मौजूदगी पर रोक आवश्यक है।नगर निगम ने सभी विभागों को पत्र भेजकर उनके परिसर में मौजूद आवारा कुत्तों की संख्या की जानकारी मांगी है।उसी आधार पर निगम की कैप्चर टीम संबंधित स्थलों पर पहुंचकर कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई करेगी। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक विभाग को अपने परिसर के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना अनिवार्य होगा। नोडल अधिकारी परिसर के चारों ओर तार फेंसिंग, गेट कंट्रोल और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि नसबंदी के बाद भी कुत्ते परिसरों में प्रवेश न कर सकें।

# ऐतिहासिक से अनंत तक हैं भारत-श्रीलंका के संबंधः प्रो. आशु रानी

एनएनआई



**आगरा।** कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,आगरा के हिंदी विभाग द्वारा विद्यापीठ के सूरकक्ष में एक अंतरराष्ट्रीय प्रसार व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था - भारत एवं श्रीलंका के सामाजिक- सांस्कृतिक संदर्भ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आशु रानी ने की। उन्होंने कहाकि श्रीलंका एक ऐसा देश है, जिसे भारत में रावण की भूमि कहा जाता है। रावण स्वयं संस्कृत का एक प्रकांड विद्वान था यही है,यही कारण है कि श्रीलंका में बोली जाने वाली सिंहली भाषा पर संस्कृत का गहरा प्रभाव है। इसीलिए सिंहली भाषा हिंदी के अधिक निकट है और सीखने में आसान भी। भाषाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से हम दो देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु बना सकते हैं। हिंदी संस्थान,श्रीलंका की निदेशिका तथा स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, कोलंबो में शिक्षिका के रूप में कार्य कर रहीं अतिला कोतलावत ने अपने व्याख्यान में हिंदी और भारत के प्रति प्रेम प्रकट करते हुए कहा कि - भारत हमेशा से हमारा गुरु देश रहा है। भारत के प्रति श्रीलंका का जो अपनापन है, वह अलग है। रामायण से संबंधित लगभग 18 स्थान श्रीलंका में हैं। यह संबंध अभी का नहीं ऐतिहासिक है और अनंत तक चलेगा। कार्यक्रम में डॉ. केशव शर्मा, श्रीमती पल्लवी आर्य, डॉ राजकुमार, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप वर्मा, डॉ. आदित्य प्रकाश, डॉ. संदीप कुमार शर्मा, डॉ. मोहनी दयाल, डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, डॉ. अंगद कुमार, कृष्णकांत, डॉ संदीप सिंह, डॉ राजेंद्र दवे, उपेंद्र पचौरी तथा कंचन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. वर्षारानी और संचालन डॉ. रमा 'रश्मि' ने किया।

# बाबा श्याम की बारस ज्योत ने भक्तों को किया अभिभूत

एनएनआई



**आगरा।** एकादशी के पावन अवसर के पश्चात मंगलवार को जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर में श्याम सेवक परिवार द्वारा बाबा श्याम की बारस की चालीसवीं दिव्य ज्योत श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रज्वलित की गई।

श्री खाटू श्याम जी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से निरंतर की जा रही यह बारस की ज्योत अब भक्तों की अटूट आस्था का प्रतीक बन चुकी है। सैकड़ों श्याम भक्तों ने बताया है कि बाबा की ज्योत में लगाई गई उनकी अरदासें पूरी हुई और अनेक बिगड़े कार्य भी संवर गए। विपिन बंसल ने बताया कि बारस का बाबा श्याम की आराधना में विशेष महत्व है, क्योंकि इसी पावन सुबह बाबा ने शीश दान देकर त्याग एवं भक्ति की मिसाल स्थापित की थी। मान्यता है कि बारस के दिन बाबा से जो भी मनोकामना मांगी जाए, वह अवश्य पूर्ण होती है। उन भक्तों को ध्यान में रखते हुए जो अपने घर पर ज्योत नहीं कर पाते, श्याम सेवक परिवार हर महीने सामूहिक रूप से बारस की ज्योत जगाता है। कार्यक्रम में मधुर भजनों की प्रस्तुति हुई और भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामनाओं के साथ बाबा के चरणों में अरदास लगाई।

इस अवसर पर संजय अग्रवाल, विकास गोयल, अनूप गोयल, अमित गोयल, आकाश गुप्ता, पंकज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम के भजनों पर झूमे भक्त



**आगरा एनएनआई।** आगरा नरेश श्याम भक्त सेवा समिति रजि एवं पोशाक सेवा समिति आगरा के द्वारा श्री खाटू श्याम जी का अरदास संकीर्तन खाटू श्याम जी मंदिर हॉल जीवनी मंडी आगरा पर बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। गाज़ियाबाद से आई भजन प्रवाहक महक बंसल, गुनगुन बंसल एवं आगरा के सभी भजन प्रवाहक ने श्याम बाबा को मीठे मीठे भजन सुनाकर रिझाया।

# बोलै जग ब्रजभास, है 'रवि' नै प्रण लयौ...



■ ताज लिटरेचर क्लब द्वारा काव्य संध्या का आयोजन

**आगरा।** ताज लिटरेचर क्लब द्वारा मंगलवार को लिटरेचर क्लब आगरा कार्यालय पर काव्य संध्या का सफल आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष ई राजकुमार शर्मा, संस्थापिका भावना वरदान शर्मा एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर के किया गया। डॉ रामप्रकाश चतुर्वेदी, डॉ ऊषा गिल, डॉ रामेंद्र शर्मा रवि, प्रभु दत्त उपाध्याय, कामेश मिश्रा सनसनी, अरविंद कपूर, अशोक अग्रवाल ने हिंदी एवं ब्रजभाषा में मधुर रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ कृष्णा दत्ता चार्य , डॉ वेद प्रकाश त्रिपाठी, सुरेश शर्मा, ,पूरन सिंह यादव, ओमप्रकाश अग्रवाल, राकेश शर्मा , वरदान शर्मा एवं अन्य साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। प्रभु दत्त उपाध्याय ने ये पंक्तियां सुना कर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया।- मजहबी उन्माद कुछ फैला है ऐसा देश में। भेड़िये हैं घूमते यहाँ आदमी के भेष में। बेटियां काफिर की हैं तो ये भी काफिर बन गये। हरण सीता का करें ये साधुओं के भेष में।

डॉ रामेंद्र शर्मा रवि ने कुंडलियां प्रस्तुत की -'रवि' की कुण्डलिया.कुण्डलिया नित लिखि रयौ, लै वाणी कौ नाम। मोकूँ इतनी सक्ति दै, करूँ सृजन अविराम।

करूँ सृजन अविराम, बैठि चरननि में त्यारे। तन वृन्दावन होइ, हृदय में स्याम हमारे। बोलै जग ब्रजभास, है 'रवि' नै प्रण लयौ। तामारै हूँ नित्य, ब्रज कुण्डलिया लिखि रयौ। संचालन संस्थापिका भावना वरदान शर्मा ने किया।

# निरंतर प्रयास से प्राप्त होते हैं वैश्विक अवसर



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय में करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित-विशेषज्ञों ने युवाओं के लिए उच्च शिक्षा व रोजगार अवसरों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आज छात्र-छात्राओं के लिए एक उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं, रोजगार अवसरों तथा कौशल आधारित करियर मार्गदर्शन प्रदान करना था। सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. आशुतोष दुबे, विभाग–बायोकैमिस्ट्री, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर रहे।उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में करियर के अवसर अत्यंत व्यापक हो चुके हैं। सही दिशा, निरंतर प्रयास और आवश्यक कौशल युवाओं को वैश्विक अवसर प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशु रानी के संरक्षण में संपन्न हुआ। आयोजन के संयोजक प्रो. आर. के. अग्निहोत्री ने कहा कि इस प्रकार के सत्र छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि यह उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल के अनुरूप दिशा देने का कार्य करते हैं। आयोजन सचिव डॉ. मोनिका अस्थाना और डॉ. प्रमोद कुमार ने वर्ष 2025 की विश्वविद्यालय थीम सशक्त युवा, उज्ज्वल भविष्य पर प्रकाश डाला। संचालन में सुरभि महाजन, उदिता तिवारी, नीलू सिन्हा, अंकुर गुप्ता, ऋतु सिंह और मोनिका यादव ने सक्रिय सहयोग दिया।



# वायुसेना ने श्रीलंका भेजी डॉक्टरो की टीम



## आगरा एयरफोर्स स्टेशन से 73 डॉक्टर और एक पैरा फील्ड अस्पताल को लेकर कोलंबो पहुंचा सी-17 विमान

एनएनआई

**आगरा।** दित्वाह चक्रवात की तबाही से जूझ रहे श्रीलंका के नागरिकों की मदद के लिए आगरा से वायुसेना का सी-17 विमान 73 डॉक्टरों और एक पैरा फील्ड अस्पताल के साथ पहुंचा है। भारतीय वायुसेना के सी-17 विमान ने आगरा से उपकरणों और 73 चिकित्सा कर्मियों के साथ एक पैरा फील्ड अस्पताल को हवाई मार्ग से 1745 बजे पर कोलंबो पहुंचाया। भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टरों ने श्री लंका में मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान जारी रखा, आठ टन से अधिक राहत सामग्री को हवाई मार्ग से पहुँचाया और 65 जीवित लोगों को निकाला, जिनमें विदेशी नागरिक, गंभीर रूप से बीमार मरीज और एक गर्भवती महिला शामिल थीं।

श्रीलंका इस समय चक्रवात दित्वाह के कारण भयंकर संकट से जूझ रहा है। अभी तक 410 लोगों की मौत हो चुकी है और 336 लोग लापता हैं। संकट की घड़ी में भारत ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया है जिसके तहत भारत की ओर से राहत सामग्री के साथ जरूरतों की चीजें श्रीलंका तक पहुंचाई ज रही हैं।

## गरीबदास भगत जी की पुण्यतिथि पर किया सम्मान

एनएनआई



**आगरा।** बाबा वीर बुलाखी सेवा समिति रजिस्टर्ड द्वारा माता कालका बाबा वीर बुलाखी प्राचीन मंदिर हाथी घाट यमुना किनारे पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय गरीबदास भगत जी की 6वी पुण्यतिथी पर मंदिर के भक्तों का एवं समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम एवं भंडारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा समिति के (वरिष्ठ उपाध्यक्ष )लाल भगत जी ने की

कार्यक्रम का संचालन समिति के (प्रबंधक) चौ.संतोष डागौर ने किया। शुरूआत लाला भगत एवं भुल्ले नरवार ने मिलकर स्वर्गीय श्री गरीबदास भगत जी की तस्वीर पर साफा एवं माला पहनाकर दीप जलाकर किया। सेवा समिति के प्रबंधक चौधरी संतोष डागौर ने अपने विचारों में कहा कार्यक्रम को करने का उद्देश्य यह है कि सम्मानित स्वर्गीय गरीबदास भगत जी को याद करते हैं एवं उनके विचारों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।

हमेशा उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षा दिलवाने का काम किया। कार्यक्रम में एडवोकेट विमल कुमार, वरुण देशभक्त, राजवीर प्रधान, भूप सिंह भगत, कमल सिंह ,डॉक्टर बबलू नरवार, मनीष कोमल, रंजीत भगत, राजू डागौर, निर्मल भगत, पवन भगत, बबलू भगत, बसंत वाल्मीकि, राकेश चौहान, दिलीप गहलोत, राजकुमार करेड़े,तनवीर खरे,राजू करोसिया अनिल कुमार, राज चौधरी, विशाल चौधरी, प्रभात चौहान, अमित कुमार ,शुभम कुमार गजेंद्र सिंह, रोहित कुमार, अजय कुमार, घनश्याम सिंह आदि रहे।

## सीडीओ ने ली आडिट संबंधी समीक्षा बैठक



**आगरा एनएनआई।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ऑडिट सम्बन्धी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक उपस्थित सहायक विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित सचिवों से लम्बित ऑडिट प्रस्तरों के सम्बन्ध में चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जिला पंचायती राज अधिकारी को प्रभावी अनुश्रवण करते हुए सभी ऑडिट प्रस्तरों समयान्तर्गत निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त उपस्थित सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं सचिवों को निर्देश दिए गये कि वह आईजीआरएस, उच्चाधिकारी एवं अन्य माध्यम से प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें।

## युवा अधिवक्ता संघ ने राजस्थान के डिप्टी सीएम को किया आमंत्रित

एनएनआई



**आगरा।** युवा अधिवक्ता संघ आगरा मंडल अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर एक माह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा मुख्य अतिथि होंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में प्रयागराज उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच के अपर महाधिवक्ता उपस्थित रहेंगे

युवा अधिवक्ता संघआगरा मंडल के अध्यक्ष नितिन वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर जाकर राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा को दिसंबर में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एक माह तक आयोजित होने वाले विधिक जागरूकता शिविर के उद्घाटन सत्र के लिए आमंत्रित किया।

उपमुख्यमंत्री राजस्थान के द्वारा कार्यक्रम का आमंत्रण स्वीकार किया गया और विधिक जागरूकता सिविल लगाए जाने पर युवा अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी। नितिन वर्मा ने बताया कि युवा अधिवक्ता संघ आगरा मंडल पिछले लगभग 10 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस को विधिक जागरूकता अभियान के रूप में मनाता चला आ रहा है। एक माह के प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में इंटर कॉलेज में मल्टीनेशनल कंपनी में एवं मजदूरी करने वाले व्यक्तियों को भी मानव अधिकारों एवं संवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक करना अधिवक्ता संघ का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र मुख्य अतिथि के द्वारा बुकलेट वितरित करके किया जाएगा जो युवा अधिवक्ता संघ आगरा मंडल द्वारा तैयार कराई गई है। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री से मिलने वालों में अधिवक्ता देव कुमार गौतम, अतुल कर्दम, गौरव कुमार उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत गीता व्याख्यान माला में मिला कर्म और दया का संदेश

- इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने विद्यार्थियों को गीता के सिद्धांतों से कराया अवगत



**आगरा एनएनआई।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संस्थान में इतिहास एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत गीता व्याख्यान माला के अंतर्गत एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविंद प्रभु जी ने विद्यार्थियों को गीता के मूल सिद्धांतों—कर्म, वर्तमान और दया—के महत्व से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। अतः व्यक्ति को अपने वर्तमान पर ध्यान देते हुए दृढ़ संकल्प के साथ कर्म करते रहना चाहिए, न कि भूतकाल में उलझना चाहिए। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता के अनेक श्लोकों का उदाहरण देते हुए समझाया कि जीवन में दया का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के दौरान समाज विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. मोहम्मद अरशद ने व्याख्यान को बहुआयामी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के सत्र विद्यार्थियों में आत्म-प्रबंधन, प्रशासनिक क्षमता, संयम, आदर और श्रेष्ठ विचारों का विकास करते हैं। संचालन इतिहास एवं संस्कृति विभाग के प्रो. बी.डी. शुक्ला ने किया। इस अवसर पर संस्थान से डॉ. अंकुर जैन, प्रो. रणवीर सिंह, डॉ. राजेश कुशवाह, डॉ. प्रियंका, डॉ. ऊषा, डॉ. कबी, डॉ. आशा, डॉ. रजना सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

## स्कूलों में वितरित की गई श्रीमदभागवत गीता

**आगरा एनएनआई।** सनातन हिंदू संघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं जीओ गीता परिवार के संयोजक मनोज गुप्ता (बाबा) के आह्वान पर गीता जयंती महोत्सव एक साथ तीन श्लोकों का पाठ आगरा के विभिन्न स्थानों पर किया गया। इस मुहिम का नेतृत्व सनातन हिंदू संघ के संरक्षक आचार्य श्री जितेंद्र मिश्र द्वारा किया गया। हर घर गीता घर घर गीता की इस मुहिम में कई स्थानों पर विद्यालयों में गीता वितरण किया गया। संस्थापक अध्यक्ष मनोज गुप्ता बाबा ने बताया कि अति शीघ्र शहर के विभिन्न विद्यालयों में जाकर गीता वितरित की जाएगी। फिर दो माह बाद उनका एग्जाम लिया जाएगा। जो बालक बालिकाएं उत्तीर्ण होंगे, फिर उनको बड़े मंच से सम्मानित भी किया जाएगा।

इस मुहिम में सनातन हिंदू संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक डॉ राजेश शर्मा, प्रदेश संयोजक अजय रंगीला, सचिव उर्मिला अग्रवाल, पूनम वार्ष्णेय ज्योतिषाचार्य, मनोहर समाचार के प्रधान संपादक वेद प्रकाश शर्मा, राधा गुप्ता, स्वाति गुप्ता, अर्पिता गोयल, स्वाति अश्विनी गुप्ता (औरंगाबाद), बृज बाला वार्ष्णेय (दिल्ली), रूबी अग्रवाल, सोनिया सिंह, सुरेंद्र शर्मा, विनोद गागाचार्य, ईश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज नगला अजीता आगरा, संत दयानंद गर्ल्स इण्टर कॉलेज शाहगंज आगरा, एस डी पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज शाहगंज, राधा रानी चेरिटेबल ब्लड बैंक के निदेशक विजय पाल सिंह, त्रिलोकी शर्मा डायरेक्टर एस आर एस जी इंटर कॉलेज बिचपुरी के द्वारा बच्चों के मध्य गीता वितरित कर, गीता महोत्सव के महा अभियान में हिस्सा लिया।



newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# 'हमारे ह्रदय में ज्ञान का प्रकाश प्रज्ज्वलित करते हैं सदगुरुदेव'

- भक्ति किंकर श्रीधर गोस्वामी महाराज के अवतरण दिवस पर यूपी रत्न डॉ. गोपाल चतुर्वेदी द्वारा किया गया उनका सम्मान

**वृन्दावन** एनएनआई। राधा निवास क्षेत्र स्थित श्रीभक्तिकुसुम गौडीय मठ में श्रीधर गौडीय गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहा श्रील भक्तिकुसुम श्रमण गोस्वामी महाराज का त्रिदिवसीय 39वां तिरोभाव महोत्सव और 17वां गीता जयंती वार्षिक महोत्सव विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य संपन्न हुआ ।महोत्सव के तीसरे दिन विराट धर्म सभा आयोजित हुई ।जिसकी अध्यक्षता करते हुए गौडीय सम्प्रदायाचार्य श्रील भक्ति किंकर श्रीधर गोस्वामी महाराज ने कहा कि सदगुरुदेव की कृपा के बिना प्रभु की भक्ति और कृपा पाना सहज नहीं है ।क्योंकि सदगुरु भगवान ही हमारे जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर हमारे ह्रदय में ज्ञान का प्रकाश प्रज्ज्वलित करते हैं ।इसीलिए वेद और पुराणों में भी सदगुरु की महिमा का विस्तार से बखान किया गया है।



प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं शुकाचार्य पीठाधीश्वर डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज ने कहा कि श्रीभक्तिकुसुम गौडीय मठ के संस्थापक भक्ति किंकर श्रीधर गोस्वामी महाराज धर्म व अध्यात्म जगत के जाज्वल्यमान नक्षत्र हैं ।उनके द्वारा अनेक सनातनी बटुकों को धर्म ग्रंथों की निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है ।हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि उनके द्वारा शिक्षा प्राप्त किए हुए विद्यार्थी भविष्य में सनातन धर्म की पताका समूचे विश्व में फहराएंगे। बी. एस. तीर्थ महाराज एवं बी. एस. नृसिंह महाराज ने कहा कि सदगुरु का आश्रय लिए बिना प्रभु की भक्ति मिलना संभव नहीं है ।जिस प्रकार नदी पार करने के लिए नौका की आवश्यकता होती है,उसी प्रकार भवसागर पार करने के लिए एवं प्रभु भक्ति पाने के लिए हमें सदगुरु की परम आवश्यकता होती है ।इसीलिए हमें अपने जीवन में सदगुरु अवश्य बनाने चाहिए, जिससे कि हमारा कल्याण हो सके।

महोत्सव के अंतर्गत भक्ति किंकर श्रीधर गोस्वामी महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर ब्रज सेवा साहित्य मण्डल के अध्यक्ष "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी के द्वारा उनका सम्मान किया गया ।साथ ही समस्त सन्तों-विद्वानों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं व बधाइयां दी गई। इस अवसर पर बी. एस. सुमन महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा एवं जय कृष्ण दास आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महोत्सव का समापन सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ ।जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

## पर्यावरण मित्र टीम ने जगाई स्वच्छता की अलख चलेगा स्वच्छता अभियान



एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर शिव मंदिर श्रंखला के घाट पर नदी पॉलीथिन और दलदल छोड़ गई है। मंगलवार को दिल्ली की पर्यावरण मित्र टीम घाट पर यमुना की दुर्दशा देख कर परेशान हो गई। पर्यावरण मित्र अनूप तिवारी, अंकित बंसल ने लोगों को नदी में गंदगी न डालने, प्लाटिक के दोने में पूजा सामग्री विसर्जित न करने के लिए श्रद्धालुओं को जागरुक किया। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को उनकी टीम नदी के घाट पर पड़ी गंदगी को साफ करेगी। यमुना की सफाई के लिए स्थानीय लोगों को भी प्रेरित किया जाएगा। पर्यावरण मित्र टीम ने बटेश्वर मंदिर के बाजार में दुकानदारों को प्लाटिक के दोने में पूजा सामग्री न बेचने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नमामि गंगे अभियान के तहत दिल्ली में यमुना की सफाई में उनकी टीम जुटी है। बटेश्वर में भी स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही जनमानस को जागरुक किया जाएगा।

## लोडर की टक्कर से पिता पुत्र घायल, केस दर्ज

**बाह** एनएनआई। क्षेत्र में हुए दो हादसों में एक बाराती की मौत हुई थी, बाइक सवार पिता पुत्र घायल हुए थे। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कमौनी के सुरेश चन्द्र यादव ने पुलिस को बताया कि भतीजा रामवरन अपने बेटे अंश के साथ बाइक से बाह जा रहा था। छदामी मठ के पास लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए बाह सीएचसी से रेफर कर दिया। बाह पुलिस ने लोडर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर 22 नवंबर की रात रामनगर दिल्ली के राजेश त्रिपाठी बाह की बारात में शामिल हुए थे। पीछे से तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई गिरजेश त्रिपाठी की तहरीर पर पुलिस ने बस के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## छात्रों को दी ऑनलाइन सुरक्षा की सीख




एनएनआई

**कासगंज।** सिढ़पुरा स्थित दयानन्द पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष पवन कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया।

थानाध्यक्ष पवन कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए बढ़ते साइबर क्राइम के खतरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चे ऑनलाइन गेमिंग से दूर रहें और किसी भी तरह के लालच में आकर ओटीपी या बैंकिंग संबंधित जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को कभी न दें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया, गूगल, यूट्यूब आदि पर आने वाले विज्ञापनों या लिंक पर बिना सत्यापन के क्लिक न करें, क्योंकि अपराधी फिशिंग के माध्यम से बैंक खाता, पासवर्ड और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी चुरा लेते हैं।

उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार ने छात्रों को ह्यडिजिटल हाउस अरेस्टह्ल जैसे नए साइबर अपराध के तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्कैमर्स वीडियो कॉल कर डराकर पीड़ित को घर में ही कैद जैसा माहौल बना देते हैं। ऐसे किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या वीडियो कॉल से तुरंत बचने और पुलिस को सूचना देने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि म्यूल अकाउंट साइबर अपराधियों का बड़ा माध्यम बन चुके हैं, इसलिए जिन बैंक खातों का उपयोग नहीं हो रहा है, उन्हें तुरंत बंद करा दें। मोबाइल या सिम खरीदते समय भी पूरी सतर्कता बरतने की अपील की गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य जवाहरलाल आर्य, कंप्यूटर ऑपरेटर आशुतोष, महिला आरक्षी मोनिका, छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका पुलिस टीम ने विस्तार से समाधान भी किया।


## वन विभाग की टीम ने खदेड़े लकड़ी कटान को फिरोजाबाद से बटेश्वर आए लोग

**बाह** एनएनआई। फिरोजाबाद के नसीरपुर क्षेत्र से लकड़ी कटान को बटेश्वर आए लोगों को वन विभाग की टीम ने खदेड़ दिया। बाह के रेंजर अमित कुमार ने बताया कि हरियाली के दुश्मन अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे। रात के अंधेरे में बटेश्वर क्षेत्र में फिरोजाबाद जिले के रपडी, नसीरपुर क्षेत्र के राजू, लालू, घनश्याम कटान के लिए आ धमके, भनक लगते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। रेंजर ने बताया कि हाटटाक के बाद लकड़ी कटान करने वाले तीनों लोगों को खदेड़ दिया गया। उनके खिलाफ लकड़ी कटान का केस भी दर्ज किया है। कार्यवाही के बाद पुरानी कटी पड़ी लकड़ी को उठाने के लिए वन कर्मियों से बातचीत की रिकॉर्ड की साजिश रची जा रही है। रेंजर ने बताया कि किसी भी सूरत में लकड़ी का कटान नहीं होने देंगे।



# संपादकीय

## सुचारू रूप से चले संसद




बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की भारी भरकम जीत के बाद संसद का शीतकालीन सत्र हो गया है। मानसून सत्र में विवाद का जो मुख्य मुद्दा रहा था और जिस मुद्दे पर पूरा सत्र जाया हुआ था वह इस सत्र में भी है। दो दो जजों के खिलाफ महाभियोग का मामला भी है तो मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग लाने की विपक्ष की तैयारियां भी हैं।नए उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का यह पहला सत्र है। वे पहली बार उच्च सदन यानी राज्यसभा का संचालन कर रहे हैं।सवाल है कि संसद का यह सत्र कैसे सुचारू रूप से चलेगा? ध्यान रहे शीतकालीन सत्र सिर्फ 19 दिन का है और इसमें 15 बैठकें होंगी।इसमें सरकार को 10 विधेयक पेश करने हैं। हालांकि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि संविधान के 131वें संशोधन का विधेयक पेश करने की उसकी कोई मंशा नहीं है। इसमें चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के तहत लाने का प्रस्ताव है। इससे चंडीगढ़ प्रशासन को केंद्र सरकार के नियमों से संचालित करने का अधिकार मिल जाएगा। सत्र के पहले दिन से ही सरकार और विपक्ष दोनों ने अपना रवैया दिखा दिया है। सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री ने मुख्य विपक्षी कांग्रेस को निशाना बनाते हुए कह दिया कि कुछ पार्टियां हार नहीं पचा पाती हैं। उनके इस बयान को कांग्रेस ने अहंकार बताया है। इस जुबानी जंग और दोनों सदनों में हंगामे के साथ कार्यवाही शुरूआत हुई है।संसद को सुचारू रूप से चलाने की पहली जिम्मेदारी सरकार की होती है। अगर सरकार विवाद के मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हो जाए तो काफी हद तक टकराव संभावना समाप्त हो जाती है।पिछले सत्र से विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर चर्चा कराई जाए। पिछला पूरा सत्र इस पर विवाद में जाया हुआ था। ध्यान रहे सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करा ली थी। सरकार को भी पता है कि चर्चा होते ही वह मुद्दा समाप्त हो गया। उसके बाद फिर कभी भी विपक्ष ने उसका मुद्दा नहीं उठाया। लेकिन एसआईआर पर चर्चा नहीं हुई तो मुद्दा आज तक चल रहा है।दूसरी बात यह है कि आयोग पर जो आरोप विपक्ष लगा रहा है उसका लाभार्थी तो भाजपा को ही बता रहा है तो वैसे भी भाजपा को चर्चा के लिए तैयार होना चाहिए ताकि वह अपना पक्ष रख सके। सो, एक बार चर्चा करा लेनी चाहिए, जिससे यह मुद्दा समाप्त हो जाएगा।सरकार के बाद दूसरी जिम्मेदारी विपक्ष की होती है, जिसने मान लिया है कि संसद को बाधित करना भी संसदीय प्रक्रिया का हिस्सा है और इससे भी लोकतंत्र मजबूत होता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकार से अपनी बात मनवाने या जनता तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कई बार संसद को बाधित करना भी एक रणनीति होती है। लेकिन इस रणनीति का ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह भी हो सकता है। गौरतलब है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करने और भाजपा के बहुमत से नीचे आने के बाद विपक्ष ज्यादा आक्रामक हुआ है और किसी न किसी मुद्दे पर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। लेकिन विपक्ष को भी पता है कि इसका कोई राजनीतिक या चुनावी लाभ उसे नहीं हो पा रहा है।पिछले लोकसभा चुनाव के बाद हुए राज्यों के चुनावों में छह में से चार राज्यों में एनडीए की सरकार बनी है और जम्मू कश्मीर में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। कांग्रेस का प्रदर्शन इन सभी राज्यों में खराब रहा है। विपक्ष को समझना चाहिए कि उनकी गैरहाजिरी में बिना चर्चा के आम जनता से जुड़े जरूरी विधेयक पास हो रहे हैं। कानून बन रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है।दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों यानी स्पीकर और सभापति की भी जिम्मेदारी है कि वे संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें।दुर्भाग्य से भारत में यह व्यवस्था बन गई है कि विपक्ष के 90 फीसदी से ज्यादा प्रस्तावों को आसन की ओर से खारिज किया जाता है और सरकार के 99 फीसदी प्रस्तावों को स्वीकार किया जाता है। इससे ऐसा लगता है कि आसन की ओर से नहीं, बल्कि सरकार की ओर से संसद का संचालन किया जा रहा है। अगर विपक्ष के भी प्रस्तावों को संतुलित अनुपात में स्वीकार किया जाए तो संसद के सुचारू संचालन का रास्ता बनेगा।अभी विपक्ष को ऐसा लगता है कि उनकी बात पूरी तरह से अनसुनी की जाती है।उनके प्रतिरोध को दबाने का प्रयास किया जाता है। साथ ही तुरंत सदन से निलंबित करने के फैसले हो रहे हैं। सरकार को विपक्ष की गैरहाजिरी में जरूरी विधेयक पास कराने की अनुमति दी जा रही है। यह धारणा बदलनी चाहिए।



# सर्दियों मे अपनी आंखों का रखें ख्याल

ठंड की दस्तक के साथ लोगों को आंखों में जलन, थकान जैसी समस्याएं महसूस होने लगती हैं। दरअसल, ठंडी हवा और तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव से आंखों की नमी खत्म हो जाती है। हाल ही में हुए 43वें कॉन्ग्रेस ऑफ द यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कैटरेक्ट एंड रिफ्रैक्टिव सर्जन्स (ईएससीआरएस) में एक स्टडी पेश की गई। इसके मुताबिक, अमेरिका और यूरोप में 50% से ज्यादा लोग ड्राई आई की समस्या से परेशान हैं। भारत में भी स्थिति लगभग ऐसी ही है। प्रदूषण, स्क्रीन टाइम और एसी के ज्यादा इस्तेमाल से यहां ड्राई आई की समस्या तेजी से बढ़ रही है और सर्दियों में यह समस्या और बढ़ जाती है।

सर्दियों में हवा में कम नमी और ठंड की वजह से आंखें जल्दी सूखती हैं, जिससे जलन, लालिमा और ड्राई आई की समस्या बढ़ जाती है। इस मौसम में पिंक आई जैसे इंफेक्शन भी कॉमन हैं, क्योंकि वायरस और बैक्टीरिया आसानी से फैलते हैं।ठंड के मौसम में घर के अंदर बिस्तर और पर्दों में डस्ट के साथ बैक्टीरिया पनपते हैं। डस्ट से फंगस पनपने का भी ज्यादा जोखिम होता है। इसके कारण विंटर एलर्जी से खुजली और जुकाम जैसी समस्याएं होती हैं।

### 1. ड्राई आई

सर्दियों में हवा में कम नमी और ठंडा तापमान मिलकर आंखों की नमी सोख लेते हैं। इसके कारण आंखों की ऊपरी सतह सूखने से जलन, लालिमा व इंफ्लेमेशन होने लगता है। अगर इसे समय पर ध्यान न दिया जाए तो आंखें डैमेज भी हो सकती हैं।

### 2. आई इंफेक्शन

ठंडे और ड्राई मौसम की वजह से सर्दियों में आंखों के इंफेक्शन कॉमन है। ये इंफेक्शन अक्सर वायरस या बैक्टीरिया के कारण हो सकते हैं। इससे आंखों में लालिमा, सूजन और पानी निकलने जैसी समस्या हो सकती है।

### 3. विंटर एलर्जी

सर्दियों में आंखों की एलर्जी आमतौर पर घर के अंदर मौजूद डस्ट माइट्स (धूल में मौजूद बैक्टीरिया) और डस्ट मोल्ड (धूल में पनपने वाले फंगस) से होती है। घर के बाहर पॉल्यूशन से आंखों में लालिमा, खुजली, पानी आना और पलकों में सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**कौन सी छोटी-छोटी गलतियों से आंखों को नुकसान होता है?**

सर्दियों में आंखों की समस्याएं अक्सर हमारी रोजाना की छोटी-छोटी गलतियों से बढ़ जाती हैं।

**यूवी प्रोटेक्शन चश्मा न पहनना**

सर्दियों में लोग अक्सर मान लेते हैं कि सूरज की रोशनी कम है तो यूवी प्रोटेक्शन की जरूरत नहीं है। जबकि ठंड के मौसम में वश किरणें कम नहीं होती हैं। बल्कि, बर्फ, धुंध और ओस उन्हें और ज्यादा रिफ्लेक्ट करती है, जिसके कारण आंखों पर दोगुना असर पड़ता है। इसलिए दिन में यूवी प्रोटेक्टेड चश्मा पहनकर ही बाहर निकलें।



**आंखों को रगड़ना**

सर्दियों में आंखें ज्यादा सूखती हैं, खुजली होती है और लोग अनजाने में बार-बार आंखें रगड़ते हैं। इस दौरान वे अपने हाथ भी साफ नहीं करते हैं। इससे दो बड़ी समस्याएं हो सकती हैं। आंख रगड़ने से कॉर्निया पर माइक्रो-स्क्रैच आ सकते हैं, जिससे जलन और लालिमा बढ़ती है। हाथों में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस आंखों में पहुंचकर कंजंक्टिवाइटिस जैसे इंफेक्शन फैला सकते हैं।

**पानी कम पीना**

सर्दियों में प्यास कम लगती है। प्यास का एहसास न होने के कारण लोग पानी कम पीते हैं, लेकिन इसका सीधा असर आंखों पर पड़ता है। शरीर डिहाइड्रेट होने पर आंसू कम बनते हैं, जिससे ड्राई आई, जलन, चुभन और ब्लर विजन की समस्या होती है।

**सीधे हीट सोर्स के सामने बैठना**

हीटर, ब्लोअर, कार हीटर और फायरप्लेस की सीधी गर्म हवा आंखों की नमी को तेजी से सुखा देती है। गर्म हवा आंखों में आंसू बनाने वाली झिल्ली को जल्दी सूखा देती है, जिससे ड्राई आई के लक्षण कई गुना बढ़ जाते हैं।

**स्क्रीन टाइम बढ़ा देना**

सर्दियों में लोग अधिकतर समय घर के अंदर बिताते हैं, जिससे स्क्रीन टाइम बढ़ जाता है। ज्यादा देर तक स्क्रीन देखने से ब्लिंक रेट कम होता है और कम ब्लिंकिंग के कारण ड्राई आई की समस्या बढ़ती है।

आंखों की सुरक्षा के लिए ये करें

हमें सबसे पहले ये देखना होगा कि सर्दियों में किन कारणों से आंखों की समस्याएं हो रही है। जैसे ठंडी हवा, हवा में कम नमी और हीटर की गर्म हवा से समस्याएं बढ़ रही हैं। इसलिए इनसे बचने के लिए घर में ह्यूमिडिफायर चलाएं, ब्लोअर या हीटर के ठीक सामने न बैठें, दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और ठंडी-खुली हवा में बहुत देर तक बाहर न रहें।

**चश्मा/सनग्लास पहनें**

तेज-ठंडी हवा सीधे आंखों पर लगती है तो आंखों की नमी तेजी से खत्म हो जाती है। इसके लिए सनग्लास या चश्मा पहनें ये हवा को ब्लॉक करके आंखों में नमी बनाए रखते हैं।

**ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करें**

घर में हीटर चलने से हवा रूखी हो जाती है। ऐसे में ह्यूमिडिफायर नमी बनाए रखने में मदद करता है।

**पानी पीते रहें**

ठंड के मौसम में कम प्यास लगने के बावजूद शरीर और आंखों को पानी की जरूरत बाकी मौसमों के बराबर ही रहती है। इसलिए ठंड में भी दिनभर में 6-8 गिलास पानी पीना जरूरी है, भले ही प्यास न लगे। हर्बल टी, सूप और नारियल पानी हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करते हैं।

**लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल करें**

आर्टिफिशियल टियर्स तुरंत नमी देकर आंखों का सूखापन कम करते हैं। ऐसे में दिन में 2-3 बार लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप्स से आंखों को आराम मिलता है। जलन कम होती है और नमी बनी रहती है।

**20-20-20 नियम अपनाएं**

आंखों को आराम के लिए हर 20 मिनट बाद, 20 सेकंड तक, 20 फीट दूर की किसी चीज को देखें। इससे आंखों की मांसपेशियों को राहत मिलती है और ड्राईनेस कम होती है।

**हाथ साफ रखें**

हाथ गंदे होने से आंखों में बैक्टीरिया या वायरस पहुंच सकते हैं। सर्दियों में यह खतरा और बढ़ जाता है। इसलिए हाथों को बार-बार धोना आंखों को सुरक्षित रखने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका है।



# माधुरी दीक्षित ने धर्मेंद्र को बताया सबसे हैंडसम

माधुरी दीक्षित इस वक्त अपने अपकमिंग साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज 'मिसेज देशपांडे' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस एक पॉडकास्ट में पहुंची थीं, जहां पर उन्होंने अपनी एक्टिंग जर्नी, एक्टिंग से ब्रेक लेने, वुमन सेंट्रिक रोल समेत कई मुद्दों पर बात की। इसी पॉडकास्ट में उन्होंने दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र को लेकर अपनी यादें शेयर कीं। माधुरी ने धर्मेंद्र को याद करते हुए कहा- 'मैंने उनके साथ काम किया है। मुझे लगता है एक फिल्म में वो थे। कमाल के इंसान थे। मैं उनसे कई बार मिल चुकी थी और वो हमेशा से ही बहुत विनम्र, जमीन से जुड़े और बेहद हैंडसम थे। मेरे लिए उनका पसंदीदा गाना पल पल दिल के पास तुम रहती हो है। और यह गाना उन पर भी बिल्कुल फिट बैठता है।' पॉडकास्ट में जब माधुरी से कहा गया कि कैसे धर्मेंद्र ने समय के साथ खुद को एक्शन, रोमांटिक, कॉमेडी हीरो के तौर पर बदला। इस पर माधुरी ने भी हामी भरते हुए कहा- हां...नए रूप में। चाहे वो चुपके-चुपके फिल्म हो या शोले का वो बसंती वाला सीन, जहां वो नशे में थे और चक्की पीसिंग डायलॉग बोल रहे थे। उसमें भी वो कमाल के थे। बता दें कि माधुरी ने धर्मेंद्र के साथ साल 1988 में 'खतरों के खिलाड़ी' और 1995 में 'पापी देवता' जैसी फिल्मों में काम किया था। वहीं, माधुरी की अपकमिंग सीरीज 'मिसेज देशपांडे' की बात करें तो इसे नागेश कुकनूर ने डायरेक्ट किया है। अप्लॉज एंटरटेनमेंट इसे प्रोड्यूसर कर रहा है। ये सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉट स्टार 19 दिसंबर से स्ट्रीम होगी।



एक्टर को यादकर बोलीं- वो कमाल के इंसान थे और हमेशा विनम्रता से मिलते थे

# फरहान अख्तर की जी ले जरा नहीं हुई बंद



फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा, लंबे समय से बंद पड़ी हुई है। फिल्म में कटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट को लीड रोल में कास्ट किया गया है, हालांकि तीन बड़े स्टार्स के साथ डेट्स और शेड्यूल बनाने में मेकर्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद रिपोर्ट्स रहीं कि आलिया और प्रियंका ने फिल्म छोड़ दी है। हालांकि अब फिल्म पर फिर काम शुरू हो चुका है।

हाल ही में आई डेकन क्रॉनिकल की रिपोर्ट के अनुसार, कटरीना कैफ, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा स्टारर फिल्म जी ले जरा पर दोबारा काम शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट में सबसे बड़ी दिक्कत तीनों एक्ट्रेसेस के बिजी शेड्यूल हैं। प्रियंका चोपड़ा के पास कई इंटरनेशनल कमिटमेंट्स हैं, जिससे वो इस फिल्म के लिए डेट्स नहीं दे पा रही थीं। डेट्स की दिक्कतों के अलावा फरहान अख्तर और फिल्म की को-प्रोड्यूसर जोया अख्तर, रीमा कागती को भी फिल्म के लीड एक्टर्स ढूंढने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि तीनों लीड एक्ट्रेसेस के स्केल में एक्टर मिलना मुश्किल है। इन वजहों से फिल्म मेकिंग की स्पीड धीमी है, हालांकि इन दिक्कतों के बावजूद ये फिल्म प्लानिंग के मुताबिक ही बनाई जा रही है।

फिल्म के डायरेक्टर फरहान अख्तर ने भी हाल ही में न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू में कन्फर्म किया है कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा था, ईमानदारी से कहूं, तो एक्ट्रेसेस की डेट्स की दिक्कतें थीं, लेकिन अब सब कुछ सुलझ चुका है। हमें इसे जल्द शुरू करेंगे।

साल 2021 में फरहान अख्तर ने फिल्म जी ले जरा की अनाउंसमेंट, आलिया भट्ट, कटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा के साथ की थी। हालांकि साल 2022 में खबरें रहीं कि आलिया भट्ट ने प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म छोड़ दी है। इसके बाद प्रियंका चौपड़ा ने डेट्स न होने पर फिल्म से अलग होने का फैसला लिया। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार प्रियंका ने मेकर्स के सामने शर्त रखी थी कि वो 2024 में ही शूट करेंगी, लेकिन दूसरी एक्ट्रेसेस की डेट्स नहीं मिली और उन्होंने फिल्म छोड़ दी। तब खबरें थीं आलिया और प्रियंका को कियारा आडवाणी और अनुष्का शर्मा रिप्लेस करेंगी। हालांकि अब मेकर्स ने सभी दिक्कतें सुलझा ली हैं।

# चीटिंग बयान पर ट्विंकल ने दी सफाई, बोलीं- मेरा कॉमेंट बस एक मजाक था

## अपने टॉक शो में फिजिकल चीटिंग को बताया था सही



लगभग एक महीने पहले ट्विंकल खन्ना ने अपने टॉक शो में एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, चीटिंग को लेकर एक स्टेटमेंट दिया था, जिसे लेकर उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। अब ट्विंकल ने रात गई बात गई बयान पर सफाई दी है। एक इंटरव्यू में ट्विंकल ने अपने कॉमेंट पर बात करते हुए कहा कि उन्होंने यह बात मजाक के लहजे में कही थी। कंट्रोवर्सी के बारे में बात करते हुए ट्विंकल ने कहा कि ये बस मजाक था। यह कोई सीरियस डिबेट के लिए नहीं था।

उन्होंने कहा- 'अगर शो में वाकई मोनोगैमी (एक ही पार्टनर के साथ रहना) पर गंभीर चर्चा हो रही होती, तो उनका अंदाज बिल्कुल अलग होता। उस कंडीशन में वो बतातीं कि मोनोगैमी कैसे ऐतिहासिक रूप से विकसित हुई, जब हम खानाबदोश जीवन से खेती की ओर बढ़े। कैसे इसने समाज को एकजुट करने और आगे बढ़ाने में मदद की। यह एक गंभीर डिबेट है। शो में मेरा कॉमेंट बस एक मजाक था।'

बता दें कि अक्टूबर में ट्विंकल और काजोल के शो के एक एपिसोड में जाह्नवी कपूर, करण जौहर गेस्ट बनकर पहुंचे थे। शो के एक सेगमेंट में होस्ट ने दोनों से पूछा कि इमोशनल चीटिंग और फिजिकल चीटिंग में कौन सा ज्यादा बुरा है? जहां करण, काजोल और ट्विंकल का मानना था कि फिजिकल चीटिंग को नजरअंदाज किया जा सकता है। वहीं जाह्नवी ने कहा था कि फिजिकल चीटिंग उनके लिए एक बड़ा झटका होगा। तब ट्विंकल ने कहा था कि समय के साथ लोग ऐसी घटनाओं को भूल सकते हैं। उदाहरण के लिए उन्होंने 'रात गई,बात गई' कहावत का इस्तेमाल किया था।




# सीरीज अपने नाम करने उतरेगी टीम इंडिया

## सीरीज जीतने के लिए रोहित-कोहली पर निर्भर भारत

वनडे सीरीज में रोहित और कोहली को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा है। ये दोनों बल्लेबाज अब भारत के लिए सिर्फ एक प्रारूप में खेलते हैं और फैंस इन्हें मैदान पर उतरते देखने का आनंद लेते हैं। इन दोनों स्टार बल्लेबाजों की जोड़ी ने पहले मैच में शतकीय साझेदारी कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और अब इनसे एक बार फिर ऐसी ही पारी खेलते देखने की उम्मीद रहेगी। कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित की 57 रन की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने रांची में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया था। वनडे विश्व कप 2027 में अभी दो साल है और ऐसे में कोहली और रोहित के लिए हर मैच अपनी फिटनेस और फॉर्म को साबित करने का जरिया है। पिछले दो वनडे में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर दिया है।

**रायपुर।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बुधवार को रायपुर में दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम की कोशिश इस मैच को जीतकर तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने पर टिकी होंगी। इस मैच में यह देखना भी दिलचस्प रहेगा कि भारत प्लेइंग-11 में कोई बदलाव करता है या नहीं। पहले मैच में विराट कोहली, रोहित शर्मा और कप्तान केएल राहुल का बल्ला चला था, लेकिन यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ और वाशिंगटन सुंदर प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे।

भारतीय टीम पहले मैच में तीन स्पिनर और इतने ही तेज गेंदबाजों के साथ उतरी थी। ऋषभ पंत की जगह ऋतुराज गायकवाड़ को मौका मिला था, जबकि ऑलराउंडर के तौर पर नीतीश कुमार रेड्डी के स्थान पर वाशिंगटन सुंदर खेले थे। इस बात की संभावन कम है कि भारत इस मैच में कोई बड़े बदलाव करे। अगर टीम प्रबंधन बेंच स्ट्रेंथ परखना चाहेगा तो ऋतुराज की जगह पंत को मौका मिल सकता है। पंत और केएल राहुल दोनों ही इस सीरीज का हिस्सा हैं। केएल नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में टीम की कमान संभाल रहे हैं तो यह तय है कि वह मैच में होंगे, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की है कि पंत और राहुल के साथ एकादश में कैसे फिट हो सकते हैं?

ऋतुराज गायकवाड़ को टीम प्रबंधन समय देना चाहेगा क्योंकि एक मैच में विफलता से उनका प्लेइंग-11 से हटना आदर्श स्थिति नहीं होगी। पहला मैच जीतने के बावजूद भारत की चिंता कम नहीं हुई है। लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले गायकवाड़ को चौथे नंबर पर भेजा गया, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं दिखे। केएल राहुल छठे नंबर पर उतरे। वाशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोगों की आदत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतरने के बाद उन्हें पहले वनडे में पांचवें नंबर पर भेजा गया, लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में उन्होंने तीन ही ओवर डाले और 18 रन दिए। हालांकि, नीतीश रेड्डी को वाशिंगटन की जगह मौका मिलेगा इसकी संभावना कम नजर आती है।

**बावुमा की हो सकती है वापसी**

दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा और स्पिनर केशव महाराज के बिना खेला जिन्हें आराम दिया गया था। अब दोनों की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीका टीम में दो बदलाव हो सकते हैं। बावुमा की वापसी से टोनी डि जॉर्जी और ब्रिट्जके में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है।

**इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है...**

**भारत:** रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़/ऋषभ पंत, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

**दक्षिण अफ्रीका:** रेयान रिकेल्टन, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम, तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डि जॉर्जी/ब्रिट्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, नांद्रे बर्गर, ओटेनिल बार्टमैन।

# घरेलू क्रिकेट में वापसी को तैयार विराट, विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे

घरेलू क्रिकेट में वापसी के लिए विराट कोहली तैयार हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे। इसकी जानकारी उन्होंने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को दे दी है। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके किंग कोहली अब सिर्फ वनडे प्रारूप में खेलते हैं। फिलहाल वह भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जारी तीन वनडे मैचों की सीरीज में खेल रहे हैं।

**'कुछ मैच खेलेंगे विराट'**

विजय हजारे ट्रॉफी के आगामी सत्र की शुरूआत 24 दिसंबर से अहमदाबाद में होगी। डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने पीटीआई से कहा, 'उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए अपनी मौजूदगी कन्फर्म कर दी है। वह कितने मैच में खेलेंगे, यह अभी साफ नहीं है। जाहिर है, उनके होने से दिल्ली ड्रेसिंग रूम को बहुत बढ़ावा मिलेगा।' दिल्ली की टीम आगामी घरेलू वनडे टूनार्मेंट के लीग चरण में अपने पांच मैच अलूर में खेलेगी। बाकी दो मुकाबले बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जो विराट कोहली की आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का घरेलू मैदान है। विराट कोहली ने पिछली बार दिल्ली के लिए 50 ओवर का मुकाबला सितंबर 2013 में खेला था। वह एनकेपी साल्वे चैलेंजर ट्रॉफी थी, जिसमें भारत ब्लू और भारत रेड टीमें शामिल थीं। कोहली ने उस टूनार्मेंट के साथ-साथ 2009-10 सीजन में खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी अभियान में भी दिल्ली की कप्तानी की थी।




## बुधवार, 03 दिसम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों को पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपके अच्छे मित्रों की संख्या भी बढ़ेगी। आज परिवार से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। मधुर वाणी से संबंधों में मधुरता आएगी। आज आपको किसी संस्था द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना दिख रही है।

आज का दिन वृषभ राशि वालों का बहुत व्यस्त रहने वाला है। ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें, पांव में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

मिथुन राशि वालों को आज फिजूल के खर्चों से बचना चाहिए। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपकी धर्म, आध्यात्म के प्रति रुचि सुदृढ़ होगी।

भाग्य की दृष्टि से आज का दिन कर्क राशि के जातकों को लिए उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज ननिहाल पक्ष से प्रेम एवं विशेष सहयोग मिलने की संभावना है।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित फल कारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिल रहे हैं।

आज आप में निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा। पत्नी को शारीरिक कष्ट से कुछ खिन्नता रह सकती है। व्यर्थ व्यय का योग भी है।

आज का दिन आपके लिए शुभ कारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। नवम कर्म भाव में बृहस्पति मिथुन राशि का होकर विराजमान है। अतः आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें।

आज आपका मन अशान्त एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सायंकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद, विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

आज आपकी विद्या, ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने पारिवारिक जनों से विश्वासघात होने की संभावना है। सांसारिक सुख भोग, नौकर चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा।

आज पंचम भाव में कर्क राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से सम्बन्धित किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# 'अटलपुरम' में 283 भूखंड हुए आवंटित

- अटलपुरम टाउनशिप योजना की सेक्टर 2 और 3 के लॉटरी ड्रॉ का मण्डल आयुक्त शलेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया शुभारंभ




आगरा एनएनआई। आगरा विकास प्राधिकरण की अटलपुरम टाउनशिप, फेस-1, सैक्टर-2 व 3 के अन्तर्गत एम.आई.जी. 3 श्रेणी के 91, एच.आई.जी. श्रेणी के 201 व सुपर एच.आई.जी. श्रेणी के 82 भूखण्डों के आवंटन हेतु ऑन-लाईन पंजीकरण 7 नवंबर की अवधि में खोला गया था। उक्त अवधि में उपलब्ध भूखण्डों के सापेक्ष 783 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरान्त एम.आई.जी.-3 श्रेणी के 482 पात्र आवेदक, एच.आई.जी. श्रेणी के 247 पात्र आवेदक तथा सुपर एच.आई.जी. श्रेणी के 30 पात्र आवेदक पाये गये, पात्र आवेदकों का लॉटरी ड्रॉ मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं जनपद न्यायधीश (सेवा निवृत्त) दिनेश कुमार की उपस्थित में पारदर्शिता के साथ मंगलवार को सूरसदन प्रेक्षागृह में उपस्थित आवेदकों के समक्ष सम्पन्न हुआ।

ऑल सेन्ट स्कूल के बच्चों द्वारा लॉटरी ड्रॉ की पर्चियां निकलवाई गयी। उक्त लॉटरी में उपलब्ध एम.आई.जी.-3 श्रेणी के 91 भूखण्डों के सापेक्ष 83 भूखण्ड, एच.आई.जी. श्रेणी के 201 भूखण्डों के सापेक्ष 126 भूखण्ड व सुपर एच.आई.जी. श्रेणी के 82 भूखण्डों के सापेक्ष 29 भूखण्ड पात्र आवेदकों को आवंटित किये गये। अटलपुरम टाउनशिप, फेस-1, सैक्टर-2 व 3 की लॉटरी ड्रॉ का सीधा प्रसारण प्राधिकरण के यू ट्यूब चैनल पर किया गया।

मण्डल आयुक्त द्वारा सभी सफल आवेदकों के निकली ड्रॉ की पर्चियों के साथ उन्हें आवास मिलने की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एडीए का उद्देश्य है कि सभी वर्गों के लोगों को किफायती दर पर आवास की सुविधा मिल सके, विकास प्राधिकरण अपने उन्हीं उद्देश्य को पूरा करने में सफल हो रहा है। इसके लिए एडीए की पूरी टीम का प्रयास सराहनीय है। वहीं आगामी दिनों में जनहित में ऐसी और भी महत्वपूर्ण योजना आने वाली है।

वहीं प्राधिकरण उपाध्यक्ष एम. अरुणमौली द्वारा सभी सफल आवेदकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार लॉटरी ड्रॉ में विभिन्न श्रेणी के 238 भूखण्ड आवंटित किये गये, जिससे प्राधिकरण को लगभग रू0 130 करोड़ की आय प्राप्त होगी।

# जिले में बीमा सखी योजना की शुरूआत

- पहले चरण में 100 से अधिक महिलाओं का पंजीकरण, 690 ग्राम पंचायतों में बीमा सखी की नियुक्ति का लक्ष्य



## अछनेरा की नीलम बनीं पहली बीमा सखी

सफलता की कहानी-इस योजना की पहली सफलता आगरा के अछनेरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बरौली की नीलम शर्मा ने हासिल की है। बीमा सखी नीलम ने न केवल आईआरडीए की परीक्षा सफलतापूर्वक पास की, बल्कि बीमा कंपनी द्वारा प्रोडक्ट ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद अपना पहला बीमा भी कर लिया है। उन्होंने 2 लाख रुपए बीमा धन राशि का बीमा किया है।

आगरा एनएनआई। योगी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में आगरा जनपद में सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 'बीमा सखी' की नियुक्ति की एक अनूठी पहल शुरू की है। इस योजना के तहत, जनपद की सभी 690 ग्राम पंचायतों में एक-एक बीमा सखी को नियुक्त किया जाएगा, जिससे ग्रामीण महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार मिल सकेगा। शुरूआती चरण में 100 से अधिक महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया है। उपायुक्त स्वतः रोजगार राजन राय ने इस योजना के महत्व को बताते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं को स्थाई आय प्रदान करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि बीमा सखी योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को बीमा के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाए। पंजीकृत बीमा सखियों को पहले आईआरडीए की परीक्षा पास करनी होगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद चयनित बीमा सखियों को बीमा कंपनी द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रोडक्ट की व्यापक ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें 7,000 रुपए बतौर प्रोत्साहन मानदेय के रूप में दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्हें प्रत्येक सफल बीमा पर आकर्षक कमीशन भी मिलेगा, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि होगी।

# जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों का किया सम्मान

- श्रीराम सेवा समिति का दो दिवसीय एकादशी उद्यापन का भव्य समापन




आगरा। श्रीराम सेवा समिति रजि.आगरा द्वारा बल्केश्वर स्थित ईश्वरीराम पंजवानी सिंधी धर्मशाला कपड़ा मंदिर के पीछे पर अष्टम सामूहिक एकादशी उद्यापन उत्सव का भव्य समापन मंगलवार को दान पुण्य व विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ।

समापन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियो व विशिष्ट अतिथियों जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य आचार्य कथा वाचक पवन उपाध्याय द्वारा समारोह में अलग अलग प्रांतों से पहुंचे 71 जोड़ो को पूजा,घर,गौदान और पारण की पूर्ण विधियाँ बताई व पूर्णाहुति दी.इस दौरान वेद मंत्रों की ध्वनि से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया व कथा वाचक द्वारा कृष्ण के भजनों पर महिला भक्त थिरकने पर मजबूर हो गई व जमकर नृत्य किया जिससे पूरा पांडाल भक्तिमय हो गया।

समापन कार्यक्रम में यजमानों ने दान पुण्य कराया व समिति द्वारा ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राकेश गर्ग राज्य मंत्री लघु उद्योग (उ प्र) राजकुमार गुप्ता महानगर अध्यक्ष आगरा,विशिष्ट अतिथि मुरारी लाल गोयल पार्षद समाजसेवी,सुनील विकल समाजसेवी,मनोज यादव कैप्टन,बिष्णु कटारा,रिशु मित्तल को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया । समापन कार्यक्रम में समिति की संस्थापक बॉबी अग्रवाल व संस्थापिका नीतू अग्रवाल, अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, राजा चौधरी, अनुज जिंदल,देवेश अग्रवाल, राजीव गर्ग महिला मंडल अध्यक्ष कुमकुम उपाध्याय, कोषाध्यक्ष आयुषी अग्रवाल,रिशु मित्तल, महामंत्री रमा गुप्ता,राखी अग्रवाल,गायत्री गुप्ता, कुसुमलता,शेकी जैन, रेखा सोलंकी, नंदनी अग्रवाल, अनिल एडवोकेट,यश अग्रवाल,मीडिया प्रभारी उमेश अग्रवाल, माणिक मौजूद रहे।

# पर्यटन एवं होटल प्रबंधन संस्थान में बांटे टैबलेट



आगरा एनएनआई। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन संस्थान में मंगलवार को 12 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रोफेसर आशू रानी ने स्वयं सभी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए और उन्हें भविष्य निर्माण से जुड़ी प्रेरणादायी सीख प्रदान की। कुलपति प्रो. आशू रानी ने कहा कि ये टैबलेट केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि आपके जीवन मार्ग को सही दिशा देने वाले पथ-प्रदर्शक हैं।" संस्थान के निदेशक प्रोफेसर यू. एन. शुक्ला ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सरकार की योजनाओं का सदुपयोग करते हुए सत्य, लगन और मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में टैबलेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में विशाल, अनूप प्रताप, मानव अग्रवाल, खुशबू सैनी, गौतम भारद्वाज, हर्ष झा, निधि प्रजापति, देवेश कांत, हिमांशु वर्मा, इरफान समेत अन्य छात्र-छात्राएँ शामिल रहे।

# श्री रामस्वरूप स्कूल में पुरानी यादों की महक से सजा पूर्व छात्रा सम्मेलन

एनएनआई




आगरा। बचपन की गलियों, स्कूल की घंटी, दोस्ती की हंसी और शिक्षकों की सीख इन सभी यादों को फिर से जीवंत करता हुआ श्री राम स्वरूप सिंघल गर्ल्स इंटर कॉलेज, दरेसी का पूर्व छात्रा सम्मेलन रंगारंग और भावनाओं से परिपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। वर्षों बाद एक ही छत के नीचे इकट्ठी हुईं पूर्व छात्राओं ने अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए हंसी, शैतानियां और अपनापन साझा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं स्कूल के मैनेजर टीएन अग्रवाल, प्रधानाचार्य कुमुद ग्रोवर, पूर्व छात्रा सम्मेलन अध्यक्ष मधु बंसल, शिखा गोयल, एड. सतीश बंसल, विनोद कुमार अग्रवाल, भगवान दास बंसल, अशोक मंगवानी, नितेश अग्रवाल, दुष्यंत गर्ग, कन्हैया लाल राठौर, बृजमोहन रेपुरिया, राजीव गुप्ता, राजेश अग्रवाल, नंद किशोर गोयल, योगेश रखवानी, राजेश सिंघल, देवेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे।। समारोह में दुष्यंत गर्ग और प्रीति गर्ग द्वारा कक्षा 10 की टॉपर छात्रा अनम खलीक को प्रतिभा सम्मान के रूप में साइकिल प्रदान की गई। विद्यालय की पूर्व शिक्षिका कुसुम कुलश्रेष्ठ, मंगलेश, ब्रजेश और राजकुमारी मदान का सम्मान किया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच पूर्व छात्राओं ने अपनी सुनहरी स्मृतियों को फिर से महसूस किया। स्कूल का वह अनोखा दृश्य भावुक कर देने वाला था, जब मंजू गर्ग और नेहा गर्ग, जो आज सासबहू हैं, लेकिन कभी एक ही स्कूल की छात्राएं रहीं, साथ में कार्यक्रम में शामिल हुईं। वहीं शिक्षिका मीना शर्मा अपनी बेटी और पूर्व छात्रा शुभ्रा शर्मा तथा भतीजी अक्षरा शर्मा के साथ पहुंचीं, जिससे तीन पीढ़ियों की स्कूल से जुड़ी भावनात्मक तस्वीर सामने आई। प्रधानाचार्य कुमुद ग्रोवर ने कहा कि विद्यालय की सफलता की पहचान उसके पूर्व छात्र-छात्राएं होते हैं, और उनका एक साथ आना विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है।